नामांक Roll No.

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

No. of Questions – **11**

No. of Printed Pages – **7**

# SS-21-Hindi Lit. (D & D)

## हिन्दी साहित्य

### उच्च माध्यमिक (मूक–बधिर) परीक्षा, 2020

**समय : 4¼ घण्टे**

**पूर्णांक : 80**

परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :

(1) परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न–पत्र पर नामांक अनिवार्यतः लिखें ।

(2) **सभी** प्रश्न करने अनिवार्य हैं ।

(3) प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर–पुस्तिका में निर्धारित शब्द–सीमा में लिखें ।

(4) जिन प्रश्नों के उप–भाग हैं, उन सभी उप–भागों का हल एक साथ सतत् लिखें ।

## खण्ड – अ
## हिंदी साहित्य का संक्षिप्त इतिहास

1. निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **4 × 4 = 16**

   (i) प्रयोगवाद की प्रमुख विशेषताएँ एवं प्रथम सप्तक के कवियों के नाम लिखिए ।

   (ii) प्रेमचंद के उपन्यासों की विशेषता एवं प्रमुख उपन्यासों के नाम लिखिए ।

   (iii) छायावाद के चार प्रमुख कवियों का परिचय देते हुए उनकी प्रमुख रचनाओं का नामोल्लेख कीजिए ।

   (iv) आधुनिक काल के प्रमुख नाटककार और उनकी रचनाओं के नाम लिखिए ।

   (v) द्विवेदी युग को द्विवेदी युग क्यों कहा जाता है ?

   (vi) भारतेंदु के साहित्यिक योगदान का मूल्यांकन कीजिए ।

## खण्ड – ब

## काव्यांग परिचय

2. निम्नलिखित बहुविकल्पात्मक प्रश्नों का उचित उत्तर छाँटकर लिखिए । **2 × 1 = 2**

   (i) कविता पढ़ते ही वह सरलता से समझ में आ जाए – यह किस काव्य गुण की विशेषता है ?

   (अ) ओज गुण (ब) प्रसाद गुण

   (स) माधुर्य गुण (द) इनमें से कोई नहीं

   (ii) निम्नलिखित में से काव्य–दोष नहीं है

   (अ) श्रुतिकटुत्व (ब) ग्राम्यत्व

   (स) कलिष्टत्व (द) कुण्डलिया

3. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **$2 \times 3 = 6$**

(i) छंद की परिभाषा एवं प्रमुख प्रकार लिखिए ।

(ii) मात्रिक एवं वर्णिक छंद में अंतर लिखिए ।

(iii) कवित्त छंद के लक्षण लिखिए ।

4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **$2 \times 4 = 8$**

(i) काव्य में अलंकारों का क्या महत्त्व है ?

(ii) अन्योक्ति अलंकार की परिभाषा एवं उदाहरण लिखिए ।

## खण्ड – स

## पाठ्यपुस्तक – सरयू

5. निम्नलिखित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **$4 \times 2 = 8$**

भारत माता,
ग्रामवासिनी ।
खेतों में फैला है श्यामल
धूल भरा मैला सा आँचल
गंगा यमुना में आँसू जल,
मिट्टी की प्रतिमा
उदासिनी

(i) भारत माता का निवास कहाँ है ?

(ii) उपर्युक्त पद्यांश के रचनाकार एवं शीर्षक बताइए ।

(iii) भारत माता का आँचल कैसा लगता है ?

(iv) भारत माता की मूर्ति किसकी बनी है और कैसी है ?

6. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **4 × 2 = 8**

मुरलीवाला एकदम अप्रतिभ हो उठा । बोला – "आपको क्या पता बाबूजी कि इनकी असली लागत क्या है । यह तो ग्राहकों का दस्तूर होता है कि दुकानदार चाहे हानि उठाकर चीज़ें क्यों न बेचे, पर ग्राहक यही समझते हैं दुकानदार मुझे लूट रहा है । आप भला काहे को विश्वास करेंगे ? लेकिन सच पूछिए तो बाबूजी, असली दाम दो पैसा ही है । आप कहीं से दो पैसे में ये मुरलियाँ नहीं पा सकते । मैंने पूरी एक हजार बनवाई थीं, तब मुझे इस भाव पड़ी है ।"

(i) मुरली का वास्तविक मूल्य क्या था ?

(ii) ग्राहकों का क्या दस्तूर है ?

(iii) मुरलीवाला बाबूजी को क्या चुनौती देता है ?

(iv) मुरलीवाले को मुरलियाँ इतने सस्ते भाव में कैसे पड़ी ?

7. निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **4 × 1½ = 6**

तुमहिं रघुपति अंतर कैसा, खलु खद्योत दिनकरहि जैसा ।
अतिबल मधु कैटभ जैहि मारे, महावीर दितीसुत संहारे ।
जेहि बल बाधि सहस भुज मारा, सोई अवतरेउ हरन महि मारा ।
तासु विरोध न किजिअ नाथा, काल करम जिव जाकै हाथा ।

(i) मंदोदरी राम–रावण के बीच कैसा अंतर बताती है ?

(ii) राम द्वारा मारे गए राक्षसों के नाम लिखिए ।

(iii) राम ने किसलिए अवतार लिया है ?

(iv) दिनकर शब्द के तीन पर्यायवाची शब्द लिखिए ।

अथवा

हाँ, वृद्ध भारतवर्ष ही संसार का सिरमौर है,

ऐसा पुरातन देश कोई विश्व में क्या और है ?

भगवान की भव–भूतियों का यह प्रथम भण्डार है ।

विधि ने किया नर–सृष्टि का पहले यहीं विस्तार

(i) भारतवर्ष संसार का सिरमौर कैसे है ?

(ii) भारत किसका प्रथम भण्डार है ?

(iii) पुरातन शब्द का पर्यायवाची शब्द एवं विलोम शब्द लिखिए ।

(iv) पद्यांश में वर्णित भारत की प्रमुख विशेषताएँ लिखिए ।

8. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **4 × 1½ = 6**

मैंने स्थिर किया कि अपराध के प्रति करुणा ही होनी चाहिए, रोष का अधिकार नहीं है । प्रेम से ही अपराध–वृत्ति को जीता जा सकता है । आतंक से उसे दबाना ठीक नहीं है । बालक का स्वभाव कोमल होता है और सदा ही उससे स्नेह का व्यवहार करना चाहिए ।

(i) उपर्युक्त गद्यांश में लेखक ने क्या स्थिर किया ?

(ii) अपराध–वृत्ति को कैसे जीता जा सकता है ?

(iii) प्रेम शब्द का पर्यायवाची शब्द एवं विलोम शब्द लिखिए ।

(iv) बालकों का स्वभाव कैसा होता है एवं उनके साथ कैसा व्यवहार करना चाहिए ?

**अथवा**

गर्मियों की छुट्टियों के बाद लौटकर सुना कि अलोपी की माँ अलग रहने लगी और नई पत्नी ने आकर घर सँभाल लिया । फिर एक बार उसे देखने का अवसर भी मिला । मझोले कद की सुगठित शरीर वाली प्रौढ़ा थी । देखने में साधारण-सी लगी; पर उसके कंठ में ऐसा लोच और स्वर में आत्मीयता भरा निमंत्रण था, जो किसी को भी आकर्षित किए बिना नहीं रहता ।

(i) गर्मियों की छुट्टियों से लौटकर लेखिका ने क्या सुना ?

(ii) लेखिका को क्या अवसर मिला तथा अलोपी की पत्नी उन्हें कैसी लगी ?

(iii) 'माँ' शब्द के तीन पर्यायवाची शब्द लिखिए ।

(iv) अलोपी की पत्नी के कंठ और स्वर की क्या विशेषता थी ?

9. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **$2 \times 2 = 4$**

(i) सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः से क्या अभिप्राय है ?

(ii) कबीर कौन थे ? उनकी पुस्तक का नाम लिखिए ।

## खण्ड – द
## पाठ्यपुस्तक – मंदाकिनी

10. निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **$4 \times 3 = 12$**

(i) यात्रा-वर्णन विधा का परिचय दीजिए ।

(ii) डॉ. रामकुमार वर्मा को किस कृति को लिखकर सर्वाधिक संतोष और प्रसन्नता हुई ?

(iii) सुभद्राजी की हँसी को संक्रामक क्यों बताया है ?

(iv) 'गेहूँ गुलाब पर विजय प्राप्त करे ।' कथन के समर्थन में अपने मौलिक विचार लिखिए ।

(v) वैज्ञानिक सर जगदीशचंद्र बोस के अनुसार हमारी राष्ट्रीय संस्कृति का सार क्या है ?

(vi) सेल्यूलर जेल को राष्ट्रीय स्मारक किसने, कब और क्यों घोषित किया ?

11. सुभाषचंद्र बोस की जीवनी का अपने शब्दों में वर्णन कीजिए । **4**

**अथवा**

राष्ट्र के स्वरूप में सम्मिलित अंग 'जन' की भूमिका का अपने शब्दों में वर्णन कीजिए ।

DO NOT WRITE ANYTHING HERE